<u>स्पीड पोस्ट</u>
<u>ई-मेल</u>

**पत्र संख्या-6/बी3-1024/16श्र0सं0-**

**बिहार सरकार**

**<u>श्रम संसाधन विभाग</u>**

प्रेषक

रंजिता,
श्रमायुक्त, बिहार ।

सेवा में,

***जिला पदाधिकारी, पटना/किशनगंज/गया/अरवल।***

पटना, दिनांक-

विषयः- **CFMS Software *के* Budget Allotment Module *में जिला पदाधिकारी कार्यालय का नाम दिखलायी नहीं पड़ने के कारण आवंटन निर्गत करने में आ रही कठिनाईयों के संबंध में।***

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि वित्तीय वर्ष 2019-20 में आवंटन निर्गत करने की कार्रवाई CFMS Software से ही किया जाना है। पूर्व में विभागीय पत्रांक-2642 दिनांक-14.06.19 एवं पत्रांक-71 दिनांक-08.01.2020 द्वारा सभी संबंधित जिला पदाधिकारी से अपने कार्यालय की Mapping, CFMS Software के Budget Allotment Module में करने का अनुरोध किया गया था परंतु अभी भी आपके कार्यालय की Mapping, CFMS Software के Budget Allotment Module में show नहीं हो रहा है, जिसके कारण ससमय आवंटन निर्गत करने में कठिनाई हो रही है।

उल्लेखनीय है कि श्रमायुक्त, बिहार के नियंत्राणाधीन निम्नलिखित उपशीर्षो के अन्तर्गत जिला पदाधिकारी को आवंटन निर्गत किया जाता है-

| क्र0 सं0 | विपत्र कोड | योजना की प्रकृति | योजना का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 26-2230-01-112-0301 | केन्द्र प्रायोजित | बंधुआ मजदूर पुनर्वास |
| | 26-2230-01-789-0305 | | |
| | 26-2230-01-796-0304 | | |
| | 26-2230-01-112-0201 | | |
| | 26-2230-01-112-0101 | राज्य योजना | |
| | 26-2230-01-789-0102 | | |
| | 26-2230-01-796-0103 | | |
| | 26-2230-01-112-0405 | केन्द्रीय क्षेत्र स्कीम | |
| 2 | 26-2230-01-114-0102 | राज्य योजना | अन्तर्राज्जीय प्रवासी मजदूर (दुर्घटना) योजना |
| | 26-2230-01-789-0103 | | |
| 3 | 26-2230-01-103-0103 | राज्य योजना | बाल श्रमिक पुनर्वास तंत्र का सुदृढ़ीकरण |
| | 26-2230-01-789-0104 | | |
| | 26-2230-01-796-0102 | | |

उल्लेखनीय है कि उपरोक्त वर्णित विपत्र शीर्षों की Mapping संबंधित जिला के जिला पदाधिकारी के Login से ही की जानी है। अतः अनुरोध है कि उपरोक्त वर्णित सभी 13 उपशीर्षों की Mapping CFMS Software के Budget Allotment Module में यथाशीघ्र की जाय, ताकि उपरोक्त वर्णित विपत्र शीर्षों के अन्तर्गत आवंटन निर्गत करने की कार्रवाई ससमय सुनिश्चित की जा सके। उपरोक्त विपत्र शीर्षों की Mapping CFMS Software के Budget Allotment Module में करने के दौरान Received Allotment From Menu में कार्यालय का नाम Labour Commissioner Office select किया जाय।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाय ।

विश्वासभाजन

ह0/-
(रंजिता)
श्रमायुक्त, बिहार ।

*__*स्पीड पोस्ट*__ ज्ञापांक-*6/बी3-1024/16श्र0सं0*- पटना, दिनांक-

प्रतिलिपिः-सभी जिलों के संबंधित *__*उप श्रमायुक्त/सहायक श्रमायुक्त/श्रम अधीक्षक*__ को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. सभी संबंधित उप श्रमायुक्त/सहायक श्रमायुक्त/श्रम अधीक्षक को निदेश दिया जाता है कि वे जिला पदाधिकारी से अविलंब सम्पर्क कर उपरोक्त वर्णित सभी 13 उपशीर्षों की Mapping जिला पदाधिकारी के login से CFMS Software के Budget Allotment Module में करवाके कृत कार्रवाई से अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें।

ह0/-
(रंजिता)
श्रमायुक्त, बिहार ।

ज्ञापांक-*6/बी3-1024/16श्र0सं0*- 1024 पटना, दिनांक- 23-3-2020

प्रतिलिपिः-अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना/आई०टी०मैनेजर, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु/प्रशाखा-01(श्रम पक्ष) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

23.03.2020
(रंजिता)
श्रमायुक्त, बिहार ।